Bareilly, Friday,
18 July 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 10

दैनिक जागरण inext



# रिद्धिमा और सोनी इंडिया के बीच हुआ एमओयू




एसआरएमएस रिद्धिमा ने कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में बनाई है अलग .

**BAREILLY (17 July):** कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए एसआरएमएस रिद्धिमा और सोनी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुए, इस समझौते के माध्यम से विभिन्न विधाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को आधुनिक डिजिटल इमेजिंग तकनीकों तक पहुंच प्राप्त होगी, जो उनके व्यावसायिक कौशल को निखारने में सहायक सिद्ध होगी. यहां यह उल्लेखनीय है कि एसआरएमएस रिद्धिमा में इसी वर्ष से प्रोफेशनल फोटोग्राफी में 3 माह, 6 माह, एवं 1 वर्ष के डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारम्भ हुए हैं, जिनके अंतर्गत विश्वस्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है. इस एमओयू के अंतर्गत, सोनी इंडिया चयनित डिजिटल इमेजिंग उत्पादों को शैक्षणिक उपयोग और छात्रों की आंतरिक परियोजनाओं हेतु विशेष रियायती दरों पर उपलब्ध कराएगा. छात्र सोनी के अधिकृत चैनल पार्टनर के माध्यम से प्रमाणित दस्तावेज के साथ इन उत्पादों को खरीद सकेंगे.